मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 05/12/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-307/2024
5 दिसंबर 2024
अशोक उद्यान, राजभवन, रांची
===========

◆ माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की मंत्रिपरिषद का गठन, नई सरकार में 11 मंत्री गण किए गए शामिल
=================

◆ माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने श्री स्टीफन मरांडी को झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर एवं राज्य मंत्रिपरिषद में शामिल सदस्यों को पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ
====================

◆ श्री राधाकृष्ण किशोर, श्री दीपक बिरुवा, श्री चमरा लिंडा, श्री संजय प्रसाद यादव, श्री रामदास सोरेन, श्री इरफान अंसारी, श्री हफीजुल हसन, श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, श्री योगेंद्र प्रसाद, श्री सुदिव्य कुमार एवं श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड राज्य के मंत्री के रूप में ली शपथ
====================

◆ माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने मंत्रिपरिषद में शामिल सभी मंत्रीगणों को बधाई और शुभकामनाएं दी
===================

◆ राजभवन के अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कई सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, वरीय अधिकारी तथा कई गणमान्य रहे मौजूद

=====================

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन के अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड विधानसभा के निर्वाचित सदस्य श्री स्टीफन मरांडी को झारखंड विधानसभा का अध्यक्ष निर्वाचित होने तक के लिए प्रोटेम स्पीकर एवं मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की नई सरकार में   शामिल श्री राधाकृष्ण किशोर, श्री दीपक बिरुवा, श्री चमरा लिंडा, श्री संजय प्रसाद यादव, श्री रामदास सोरेन, श्री इरफान अंसारी, श्री हफीजुल हसन, श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, श्री योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार एवं श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड राज्य के मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।   माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने प्रोटेम स्पीकर श्री स्टीफन मरांडी एवं सभी नव नियुक्त मंत्रीगणों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कई सांसद, विधायक, वरीय अधिकारी एवं गणमान्य तथा नवनियुक्त मंत्री गणों के परिजन मौजूद थे। विदित हो कि श्री हेमन्त सोरेन ने 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके उपरांत आज उन्होंने अपने मंत्रिपरिषद का गठन किया, जिसमें 11 मंत्री शामिल किए गए हैं।

###

============

#Team PRD CMO